प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 30.09.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार**

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वस्थ पीढ़ी के लिए विवाह पूर्व जन्म कुंडली मिलान से ज्यादा जरूरी है सिकल सेल जेनेटिक काऊंसलिंग कार्ड का मिलान।
- देश की सभी पेसा ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से शुरू होगा सबकी योजना-सबका विकास अभियान ।
- पन्ना टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व कल से आम लोगों के लिए खुल जाएंगे।
- बांग्लादेश के साथ कानपुर में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच को भारत ने बनाया रोमांचक ।

**सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वस्थ पीढ़ी के लिए विवाह पूर्व जन्म कुंडली मिलान से ज्यादा जरूरी सिकल सेल जेनेटिक काऊंसलिंग कार्ड का मिलान करना है, क्योंकि यदि सिकल सेल रोगी और वाहक आपस में विवाह करते हैं, तो निश्चित ही उनकी सन्तान सिकल सेल रोग से ग्रसित होगी। राज्यपाल आज शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में आयोजित सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर को संबोधित कर रहे थे।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के सभी छात्रावासों में एक नर्स हर महीने जायेगी और छात्रावासी बच्चों के रक्त की जांच करेगी। भारत सरकार के सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत अब तक प्रदेश में 72 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

**'एग्रीकल्चर स्कूल'**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने स्कूलों में कृषि से जुड़ी शिक्षा व्यवस्था के लिये 'एग्रीकल्चर स्कूल' की योजना बनाई है। इस योजना से बच्चे खेती-किसानी के बारे में शिक्षा हासिल कर इसे गर्व के साथ अपनायेंगे।

स्कूल शिक्षा मंत्री आज भोपाल में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की स्टार्स परियोजना की दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में मध्यप्रदेश सहित 17 प्रदेशों के शिक्षा सचिव, राज्य परियोजना संचालक और शिक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में अब दुर्गम स्कूलों में भी बच्चों तक टेक्नोलॉजी पहुंचाने के लिये आईसीटी लैब की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के स्कूलों में इस वर्ष 20 हजार शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिये दिलाया गया है।

## सरकार के सौ दिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गए हैं. इस दौरान कई जन कल्याणकारी कदम उठाये गए हैं. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना महिलाओं और युवाओं के जीवन में एक सुखद बदलाव लेकर आई है। बुरहानपुर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. यहाँ प्रशिक्षक उषा उडुलकर ने बताया कि चटाई, झाडू, टोकरी केले के रास्ते से उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है

## सबकी योजना-सबका विकास

देश की सभी पेसा ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से "सबकी योजना-सबका विकास" अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान में पेसा ग्राम पंचायतों को विकास के लिये अपनी जरूरतों के मुताबिक योजना बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। नई दिल्ली में बीते दिनों पेसा एक्ट पर हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सम्मेलन में दस पेसा राज्यों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश के 20 जिलों के 88 विकासखंडों की 5 हजार 133 ग्राम पंचायतों के अधीन 11 हजार 596 ग्राम पेसा क्षेत्र में आते हैं। अलीराजपुर, झाबुआ, मंडला, बड़वानी, अनूपपुर एवं डिंडोरी पूर्ण पेसा जिलों में रूप में चिन्हित हैं। जबकि बालाघाट, बैतूल, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, धार, खंडवा, नर्मदापुरम, खरगोन, सिवनी, श हडोल, श्योपुर, सीधी उमरिया एवं रतलाम आंशिक पेसा जिले हैं।

## मुख्यमंत्री भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चौहान के साथ किसानों के कल्याण तथा प्रदेश में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री से आज ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर हरजिंदर कंग ने भी भेंट की. उन्होंने मध्यप्रदेश से ब्रिटेन को निर्यात और प्रदेश में निवेश बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, ब्रिटेन को प्र-संस्कृत खाद्य पदार्थों और कृषि उत्पादों का महत्वपूर्ण निर्यातक है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर, प्रदेशभर में कल समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय स्तर पर वृद्धजनों के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। असंचारी रोगों के लिए स्क्रीनिंग एवं उपचार की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। शिविर में आभा कार्ड एवं पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे. अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर साल 1 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वृद्धजनों के स्वास्थ्य, कल्याण और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

**पन्ना टाइगर रिजर्व**

प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व कल से आम लोगों के लिए खुल जाएंगे. पन्ना टाइगर रिजर्व भी कल एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जायेगा। पर्यटकों के लिए सफारी 30 जून को बंद हो गई थी. पन्ना टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की ने आकाशवाणी को बताया कि अब 3 माह बाद 1 अक्टूबर को फिर से सफारी शुरू हो जाएगी.

**बैतूल भूकंप**

बैतूल जिले में आज दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता की 4 दशमलव 2 मापी गई है। भूकंप से लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। इस घटना में अब तक कोई जनहानि की खबर नहीं है । राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट के अनुसार भैंसदेही, बैतूल बाजार और आसपास कई इलाकों में घटना दोपहर करीब 1.40 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। एसडीएम शैलेंद्र हनोतीया ने बताया कि करीब 3 से 4 सेकेंड का कंपन महसूस किया गया है।

**क्रिकेट**

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने ड्रॉ होते मैच को जीत की ओर मोड़ने का प्रयास किया । बांग्लादेश चौथे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 26 रन बनाकर संघर्ष कर रहा है । वह अब भी भारत से 26 रन पीछे है। भारत के लिए दोनों विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए। इससे पहले टीम इंडिया ने आज अपनी पहली पारी 34.4 ओवर में 285 रन के स्कोर पर घोषित कर दी । बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए थे । कानपुर में बारिश के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका था ।

**मौसम**

प्रदेश में अब तेज बारिश का सिलसिला थम गया है। हालांकि कुछ जिलों में रिमझिम बारिश जारी है। प्रदेश में अब तक 18 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। 10 जिले तो ऐसे हैं, जहां बारिश का आंकड़ा 50 इंच के पार हो चुका है। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश कराने वाला सिस्टम अब थम जाएगा। ऐसे में तेज धूप निकलने का अनुमान है।

**समाचार संक्षेप**

1. भोपाल के शासकीय जजयप्रकाश जिला चिकित्सालय में 'सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ' कार्यक्रम सत्र जुलाई-दिसंबर के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया।
2. बडवानी में जिला एवं सत्र न्यायालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगणों, अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों ने साफ-सफाई की।

3. सीहोर जिले के नर्मदा घाटो में 2 अक्टूबर को भूतड़ी अमावस्या पर सफाई और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी |

4. नीमच में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने आज एक कार्यक्रम में नमो ड्रोन दीदी योजना
के तहत ड्रोन पायलट दीदीयों को 10 लाख की लागत का नवीन ड्रोन प्रदान किया।

5. ग्वालियर में डिजिटल पुस्तकालय की बारीकियाँ सीखने के उद्देश्य से बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के 40 विद्यार्थियों ने आज महाराज बाड़ा स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण किया।

6. अशोकनगर में आज कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में पीएम विश्वकर्मा केन्द्र तथा एनपीएसएस पीएम विश्वकर्मा केन्द्र का शुभारंभ फीता काटकर किया गया।

7. शिवपुरी में राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य एवं देखभाल कार्यकम के तहत कल जिला चिकित्सालय के सेन्ट्रल हॉल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

8. देवास में वयस्क बी.सी.जी. टीकाकरण कार्यक्रम के तहत आज महा अभियान आयोजित किया गया। इसी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,सिविल अस्पताल,और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी टीके लगाए गये।

9. खंडवा में नगर निगम की टीम ने गोलीबार क्षेत्र में घर-घर जाकर होम कंपोस्टिंग की प्रक्रिया, उसके फायदे और पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में लोगों को जानकारी दी।

10. शहडोल जिले में युवा व महिला उद्यमियों को अवसर देने तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को उचित मूल्य एवं बाजार मुहैया कराने 15 व 16 अक्टूबर को दो दिवसीय संभाग स्तरीय बायर सेलर मीट का आयोजन किया जाएगा। और

11. गुना में पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के संबंध में आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये।

----------------------